हिन्दुस्तान

गुरुवार, 30 मई 2019

## यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में आज होंगे तीन बड़े फैसले, जेवर मेट्रो की डीपीआर भी पेश की जाएगी

# यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ेंगी

**प्रस्ताव 1**

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक गुरुवार को होगी। बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसों को रोकने के लिए होने वाले कामों का पैसा यात्रियों से लेने की तैयारी है। 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर तक टोल दरें बढ़ सकती हैं। जेवर मेट्रो की डीपीआर बोर्ड से पास कराने की तैयारी है। जमीन की दरें बढ़ाने और आवंटियों से संबंधित भी कई प्रस्ताव बैठक में रखे जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। दरअसल दिल्ली आईआईटी ने हाईवे पर हादसे रोकने के लिए कई उपाय सुझाए हैं। इन उपायों पर होने वाले खर्च को यात्रियों से लेने की तैयारी है। इसके लिए 10 से 20 पैसे प्रति किलोमीटर तक टोल दरें बढ़ाई जा सकती हैं। बोर्ड बैठक में जेवर मेट्रो की डीपीआर भी रखी जाएगी। बोर्ड से मंजूरी के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। जेवर एयरपोर्ट के साथ-साथ मेट्रो का भी निर्माण कार्य करने की योजना है। इसलिए काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है।

**आवंटियों के लिए भी रखे जाएंगे प्रस्ताव** : आवंटियों से संबंधित भी कई प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। यमुना प्राधिकरण जमीनों की दरें बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। इसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक में आ सकता है। इसके अलावा पांच गांवों को स्मार्ट बनाया जाना है। इस पर आने वाले खर्च की मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। किसानों के लिए भी एक प्रस्ताव आने की उम्मीद है। कुछ किसानों को 64 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिल रहा है।

**10-20**

पैसे प्रति किलोमीटर तक टोल दरें बढ़ सकती हैं। दिल्ली आईआईटी ने हाईवे पर हादसे रोकने के लिए कई उपाय सुझाए हैं। इन उपायों पर होने वाले खर्च को यात्रियों से लेने की तैयारी है।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक गुरुवार को है। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड से पास होने के बाद उन पर अमल किया जाएगा। -डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

### चार सौ खरीदारों को फ्लैट मिलने का रास्ता साफ

वेव सिटी में घर का इंतजार कर रहे चार सौ से अधिक खरीदारों को राहत मिली है। पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने से उन्हें जल्द कब्जा मिल सकेगा। ड्रीम होम्स में फ्लैट खरीदने वालों को राहत मिली है। इन खरीदारों को काफी दिनों से कब्जा मिलने का इंतजार था।

### बजट भी पास कराया जाएगा

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 का बजट भी रखा जाएगा। चुनाव आचार संहिता के चलते बजट पास नहीं हो पाया था। गुरुवार को होने वाली बैठक में बजट भी पास कराया जाएगा।

## जेवर एयरपोर्ट के टेंडर आज जारी होंगे

**2** ग्रेटर नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) गुरुवार को जेवर एयरपोर्ट के लिए वैश्विक टेंडर निकालेगा। टेंडर निकालने के छह महीने के भीतर कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। प्रथम चरण में दो रनवे बनाकर 2023 तक उड़ानें शुरू कर दी जाएंगी।

प्रदेश सरकार ने एयरपोर्ट संचालन के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड कंपनी का गठन किया है। अब यह कंपनी इसके सारे काम करेगी। प्रदेश सरकार की अनुमति के बाद 30 मई को नायल एयरपोर्ट के वैश्विक टेंडर निकालेगी। जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट से 2023 तक उड़ानें शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में दो रनवे बनाए जाएंगे। इसके बाद इसका विस्तार किया जाएगा। कंपनी को उम्मीद है कि छह महीने के भीतर कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

**देसी-विदेशी कंपनियों के आने की उम्मीद** : पीपीपी मॉडल पर बनने वाले एयरपोर्ट के लिए कई देसी-विदेशी कंपनियों के टेंडर में भाग लेने की उम्मीद है। अब तक नायल के पास कई कंपनियों ने संपर्क कर लिया है। उन्होंने इसमें सहभागिता के लिए कहा है।

# केजीपी और एक्सप्रेस वे 18 महीने में जुड़ जाएंगे

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

**3** जेवर एयरपोर्ट और आईजीआई हवाई अड्डे को हाईवे से जोड़ने के लिए बुधवार को टेंडर निकाल दिए गए। यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को आपस में जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो प्वाइंट से 9.5 किलोमीटर यह इंटरचेंज बनेगा। इस पर करीब 83.94 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यमुना प्राधिकरण की देखरेख में यह 18 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे अभी तक यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ नहीं पाया है। जेवर एयरपोर्ट को अन्य शहरों से जोड़ने के लिए यह जरूरी थी। इसके लिए राज्य सरकार ने पहले ही मंजूरी दे दी थी। यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो प्वाइंट से करीब 9.5 किलोमीटर (ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर 91.75 किलोमीटर) पर यह इंटरचेंज बनाया जाना है। इसके लिए बुधवार को यमुना प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं। एक महीने में निर्माण कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। 18 महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बनने से जेवर एयरपोर्ट आईजीआई से जुड़ जाएगा।

**यमुना सिटी के सेक्टर भी जुड़ेंगे** : दो एक्सप्रेस को जोड़ने के अलावा यमुना सिटी के सेक्टर भी जुड़ जाएंगे। ग्रेटर नोएडा से आगरा की तरफ 60 मीटर और आगरा से ग्रेटर नोएडा की ओर 30 मीटर की सर्विस रोड है। इन सर्विस रोड से भी यात्री ईस्टर्न पेरीफेरल व यमुना एक्सप्रेस वे पर आ-जा सकेंगे। इससे यहां के सेक्टर भी जुड़ जाएंगे।

**इन शहरों को मिलेगा फायदा** : इसके बनने से गाजियाबाद, मेरठ, बागपत आदि शहरों से आगरा जाने वालों को दिक्कत नहीं होगी। वह ईस्टर्न से सीधे यमुना एक्सप्रेस वे पर चले जाएंगे। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, दिल्ली वाले भी यमुना से सीधे ईस्टर्न पर पहुंच कर पलवल, गुरुग्राम आदि आ-जा सकेंगे।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि ईस्टर्न और यमुना एक्सप्रेस वे जोड़ने के लिए इंटरजेंच बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। एक महीने कंपनी चुन लेंगे। डेढ़ साल में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

### चार लूप और आठ रैंप बनेंगे

जगनपुर-अफजलपुर के पास बनने वाले इंटरचेंज में 4 लूप और 8 रैंप बनाए जाएंगे। ईस्टर्न से यमुना एक्सप्रेस वे और यमुना से ईस्टर्न एक्सप्रेस वे पर यात्री आसानी से आ जा सकेंगे।

